पेज थ्री
देहरादून

महिला कांग्रेस की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

देहरादून, मंगलवार 18 फरवरी, 2020

पेज 8

# हमारा दून



## महिला कांग्रेस महंगाई के विरोध में 20 को धरना-प्रदर्शन करेगी

**संवाददाता** देहरादून। महानगर महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बढ़ती महंगाई को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश रमन नें कहा कि आगामी 20 फरवरी को महिला कांग्रेस बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रातः 10:00 बजे गांधी पार्क में उपवास कर धरना प्रदर्शन करेगी जिसमें प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा देश भर में रसोई गैस ,पेट्रोल डीजल की आसमान छूती कीमतों, कांग्रेस के जमाने में गैस सिलेंडर अधिकतम रू.398 था 398 पार होते ही मोदी सेना हाय तौबा मचा देती थी किन्तु आज गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे है (900) पार है तो वो चूं तक नहीं कर रहे। आज आलू टमाटर लहसून पेट्रोल डीजल सब की कीमतें आसमान छू रही हैं और सरकार कीमतें नियंत्रित नहीं कर पा रही। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर के दाम आठ सौ पार कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। महिला कांग्रेस बढ़ती कीमतों के खिलाफ सड़क व सदन दोनों जगह सरकार की नाक में दम करेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश व देश की जनता मोदी जी के अच्छे दिनों से तौबा कर रहे हैं व कह रहे हैं कि इससे अच्छे तो कांग्रेस के जमाने के बुरे दिन ही अच्छे थे। उन्होनें महिला कांग्रेस पदाधिकारियों से यह भी आह्वहन किया की वे प्रत्येक वार्ड में जाकर जनता को जगानें का काम करेगें।

# राष्ट्रीय पुलिस स्मारक एक प्रेरणादायक स्मारक हैः सीएम

**जनयोजना अभियान**

राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों की शौर्य गाथा और पराक्रम को किया नमन

राज्य में एसडीआरएफ की चार कम्पनियॅा कार्यरत है

**संवाददाता**

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों की शौर्य गाथा और पराक्रम को नमन करते हुए पुष्प चक्र एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा की यह राष्ट्रीय स्मारक, राष्ट्र की रक्षा में पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के बलिदान और समपर्ण की याद दिलाता है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय पुलिस स्मारक एक प्रेरणादायक स्मारक है। यह सदैव सर्वोच्च बलिदान की गौरवगाथा को बताता है। मुख्यमंत्री ने बताया की वर्ष 2013 में उत्तराखण्ड राज्य में आई भीषण आपदा के उपरान्त राज्य में एस. डी.आर.एफ का गठन किया गया



राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम।

है जिसके द्वारा प्राकृतिक आपदा दुर्घटना के समय राहत एवं बचाव का कार्य किया जाता है। वर्तमान में राज्य में एस.डी.आर.एफ की चार कम्पनियॉ कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने कहा की सिटी क्राइम पर नियन्त्रण किये जाने के उद्देश्य से प्रयोग के रूप में उत्तराखण्ड राज्य के चार जनपदों में सीटी पेट्रोल यूनिट (सी.पी.यू) का गठन किया गया है जिसका कार्य चौन स्नेचिंग, महिला छोड़खानी, आटो लिफिटिंग लूट, एक्सीडेंट रोकना आदि है। मुख्यमंत्री ने बताया की उत्तराखण्ड में वर्ष 2000 से 2019 तक शहीद पुलिसकर्मियों की संख्या 182 है। मुख्यमंत्री ने बताया की देश में शांति व्यवस्था कायम रखने, प्राकृतिक आपदा या दुर्घटनाओं में बचाव और राहत पहुॅचाने का कार्य हमारे जवान करते है और जब भी इनकी जरूरत होती है, यह उस समय मौजूद रहते है। मुख्यमंत्री ने विजिटर बुक में लिखा "राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करने का अवसर मिला। हमारे जवानों की शहादत ने स्मारक बनाने की प्रेरणा दी। देश की राजधानी में स्मारक बनने से उनकी शहादत को "सलाम" करने का यह अवसर मिला"। कार्यक्रम में उत्तराखंड मे कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, सांसद राजलक्ष्मी शाह, सांसद अजय भट्ट, विधायक रितु खण्डूरी, विधायक, हरबंस कपूर, विधायक सुरेन्द्र सिंह जीना, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, पुलिस अपर महानिदेशक विनय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कुम्भ मेले की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन को नोडल अधिकारी नामित

**(संवाददाता)** देहरादून। आगामी कुम्भ मेला 2021 से सम्बन्धित समस्त कार्यों एवं कुम्भ मेले की अन्य व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु शासन स्तर पर विभागवार नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं।

### सरकार ने पेंशन दरों में वृद्धि की

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रदेश में वृद्धावस्था, निराश्रित विधवा भरण पोषण अनुदान तथा दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन दरों में वृद्धि कर दी गई है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की दरों में वृद्धि की घोषणा के पश्चात् इसका शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए सचिव एल फैनई ने बताया कि वृद्धावस्था, निराश्रित विधवा भरण पोषण अनुदान तथा दिव्यांग पेंशन योजनाओं की वर्तमान दर 1000 रूपये प्रतिमाह में 200 रूपये प्रतिमाह की दर से वृद्धि की गई है।

### सीएम ने वाहन दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को जनपद उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग में धरासू नालू पानी के पास हुई वाहन दुर्घटना में मृत लोगों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### सीएम हर बुधवार व गुरूवार को विधानसभा कार्यालय में उपस्थित रहेंगे

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत प्रत्येक सप्ताह के बुधवार व गुरूवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने अपेक्षा की है कि समस्त कैबिनेट मंत्रीगण भी प्रत्येक सप्ताह के बुधवार व गुरूवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

# डीएम ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**सुनवाई**

■ अधिकारियों से दूरभाष पर समस्या से सम्बन्धित बिन्दुओं की जानकारी ली

देहरादून। **संवाददाता**

जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोगों की सामान्य जन समस्याओं की सुनवाई की गयी। जिलाधिकारी ने सामान्य जनता की विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया तथा बहुत से



डीएम जनसमस्याएं सुनते हुए।

अधिकारियों से दूरभाष पर समस्या से सम्बन्धित बिन्दुओं की जानकारी ली और उसके निस्तारण में आने वाली बाधाओं का कारण पूछा। उन्होंने ऐसे मामलों में जिनमें फिल्ड निरीक्षण की आवश्यकता हो, के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी को भौतिक निरीक्षण करते हुए आख्या प्रस्तुत करने और निश्चित समयावधि में समस्या के निस्तारण के निर्देश भी दिये। इस दौरान शिकायती आवेदन पत्र अतिक्रमण हटवाने, जमीन-जायदाद के विवाद, सुरक्षा निर्माण कार्यों, पेंशन प्रकरण, पेयजल, कूड़ा निस्तारण चिकित्सा सुविधाओं से सम्बन्धित सामान्य शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अतिक्रमण से सम्बन्धित शिकायती पत्रों में चन्द्रबनी भुत्तो वाला (चौक) वाईल्ड लाईफ मुख्य मार्ग में अवैध मीट की दुकाने लगाकर अतिक्रमण करने, बद्रीश कालोनी में सड़क पर अतिक्रमण तथा चन्द्र विहार कारगी रोड़ में अतिक्रमण से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। मेहूवाला (माफी) में नहर व पुस्ता निर्माण कार्य, सैनिक विहार कोल्हूपानी में पक्के गड्ढे पर मिट्टी हटाने और मरम्मत करवाने, महादेव खाला में सिंचाई विभाग से सम्बन्धित सेफ्टी वाल्व ठीक करवाने से सम्बन्धित प्रकरण सामाने आये।

## प्रदेश मे 19 व 20 को बारिश और बर्फबारी की आशंका

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रदेश में कुछ दिनों से मौसम खुशनुमा बना हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में मौसम कुछ दिनों से सामान्य बना हुआ है। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मौसम फिर करवट बदल सकता है। जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती है। प्रदेश के कई पर्वतीय क्षेत्रों में अभी भी बर्फ पिघली नहीं है। साथ ही कई फीट पड़ी बर्फ से खूबसूरत नजारा बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 18 फरवरी तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा। साथ ही 19 और 20 फरवरी को फिर मैदानी क्षेत्रों में हल्की बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी का अंदेशा जताया है।

## उत्तराखण्डवासियों को मुफ्त में मिले बिजलीः रविंद्र सिंह आनंद

**संवाददाता** देहरादून। हम सब साथ है संस्था के अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि टिहरी बांध उत्तराखण्ड में बना है और इसको बनाने के लिए टिहरी शहर को डुबाना पड़ा जिससे लाखों लोग प्रभावित हुए इस पर भी उत्तराखण्डवासियों को बिजली के बिल में कोई राहत नहीं है। समय समय पर बिजली दर में वृद्धि होती रहती है। उन्होंने मांग की कि उत्तराखण्डवासियों को सरकार द्वारा मुफ्त बिजली मुहैया कराई जानी चाहिए। यहां एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि टिहरी बांध विशालकाय एवं भारत का सबसे बड़ा बांध है और सबसे ज्यादा खतरे वाला बांध है। ज्ञात हो कि बांध का काम शुरू होने से पूर्व बांध को स्वीकृत प्रदान करने वाली एक कमेटी द्वारा इस बांध प्रोजेक्ट को रिस्क फैक्टर देखते हुए रिजेक्ट कर दिया गया था।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।